UP में ऊर्जा की मांग उच्च स्तर पर

चर्चा में क्यों?

ग्रिड इंडिया पावर सप्लाई रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश ने महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए **28,889 मेगावाट (MW) विद्युत ऊर्जा की आपूर्ति** करके देश में पहला स्थान प्राप्त किया।

मुख्य बिंदु:

- उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के कारण विद्युत ऊर्जा की मांग **अब तक के उच्चतम स्तर पर** पहुँच गई है।
  - महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु और राजस्थान ने क्रमशः 24,254 मेगावाट, 24,231 मेगावाट, 16,257 मेगावाट और 16,781 मेगावाट की मांग पूरी की।
- उत्तर प्रदेश के विद्युत ऊर्जा विभाग ने बढ़ती मांगों के बावजूद अपने सुदृढ़ ऊर्जा बुनियादी ढाँचे का प्रदर्शन करते हुए पीक ऑवर्स के दौरान **सबसे अधिक विद्युत ऊर्जा आपूर्ति का राष्ट्रीय रिकॉर्ड** बनाया।

हीट वेव

- हीट वेव्स अत्यधिक **गर्म मौसम की** वह लंबी **अवधि** है **जो मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव** डाल सकती है।
- **भारत एक उष्णकटिबंधीय देश** है, इसलिये यहाँ **विशेष रूप से हीट वेव का खतरा** बना रहता है, जिसकी हाल के वर्षों में पुनरावृत्ति अधिक हो गई है।
- भारत में हीट वेव घोषित करने के लिये भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के मानदंड:
  - जब तक किसी क्षेत्र का **अधिकतम तापमान मैदानी क्षेत्रों के लिये कम से कम 40°C** और **पहाड़ी क्षेत्रों के लिये कम से कम 30°C तक नहीं पहुँच जाता**, तब तक हीट वेव पर विचार करने की आवश्यकता नहीं है।
  - यदि किसी **क्षेत्र का सामान्य अधिकतम तापमान 40°C से कम या उसके बराबर** है, तो **सामान्य तापमान से 5°C से 6°C की वृद्धि को हीट वेव की स्थिति** माना जाता है।
    - इसके अलावा, **सामान्य तापमान से 7°C** या उससे **अधिक** की वृद्धि को **गंभीर हीट वेव** की स्थिति माना जाता है।
  - यदि किसी क्षेत्र का **सामान्य अधिकतम तापमान 40°C से अधिक** है, तो **सामान्य तापमान से 4°C से 5°C की वृद्धि को हीट वेव की स्थिति** माना जाता है। इसके अलावा, 6°C या उससे अधिक की वृद्धि को **गंभीर हीट वेव** की स्थिति माना जाता है।
  - इसके अतिरिक्त, यदि **सामान्य अधिकतम तापमान के बावजूद वास्तविक अधिकतम तापमान 45°C या उससे अधिक** रहता है, **तो हीट वेव** की घोषणा कर दी जाती है।

//



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/power-demand-in-up-reaches-high